रोल नं. | | | | | | | |

**SERIES : 8**

# Code No. 101 Paper Code–1

- *इस प्रश्न-पत्र में 90 बहु-वैकल्पिक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
- *उत्तर पत्रक पर विवरण लिखने/उत्तर देने के लिए केवल काले/नीले बॉल प्वॉइन्ट पेन का प्रयोग करें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 12 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में बाएं हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर. पर लिखें।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए पेपर कोड नम्बर को छात्र ओ.एम.आर. पर लिखें।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 90 प्रश्न हैं।*
- *अपठित उत्तर या ऐसे उत्तर, जिन्हें काटा या बदला गया है, निरस्त कर दिए जाएँगे।*
- *दिए गए 4 विकल्पों में से परीक्षार्थी को प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है।*
- *परीक्षार्थी उत्तर पत्रक पर अपना अनुक्रमांक अंकों के साथ-साथ गोले में भी भरें।*

## हिन्दी

*समय : 1½ घंटे ]* *[ पूर्णांक : 90*

---

**1.** भाषा कैसे व्यवहार की वस्तु है :

(A) नैतिक (B) सामाजिक (C) आर्थिक (D) व्यावहारिक

**2.** मनुष्य बोलकर ही नहीं, लिखकर भी अपने विचार किस माध्यम से दूसरों तक पहुँचा सकता है :

(A) वर्ण (B) शब्द (C) वाक्य (D) भाषा

**3.** व्याकरण के कितने मुख्य भाग हैं :

(A) चार (B) तीन (C) दो (D) पाँच

**4.** वर्णों के उच्चारण, लेखन और संयोजन के नियमों की चर्चा, किस व्यवस्था के अन्तर्गत की जाती है :

(A) वाक्य (B) शब्द (C) वर्ण (D) पद

**5.** कौन-सी भाषा पूरे भारत में अधिक बोली और समझी जाती है :

(A) पंजाबी (B) हिन्दी (C) तमिल (D) गुजराती

**6.** फ़ारसी में किस वर्ण का उच्चारण 'ह' की भाँति होता है :

(A) क़ (B) फ़ (C) ग़ (D) स

**7.** भारतीय संविधान में कितनी भाषाएँ स्वीकृत हैं :

(A) सोलह (B) चौदह (C) बाइस (D) बीस

**8.** पूरे भारत की संपर्क भाषा हिन्दी विदेशों में भी बोली जाने के कारण किस भाषा के रूप में विकसित हो रही है :

(A) प्रांतीय (B) भारतीय (C) अन्तर्राष्ट्रीय (D) राष्ट्रीय

**9.** हिन्दी शब्द किस भाषा से आया है :

(A) तमिल (B) कन्नड़ (C) फ़ारसी (D) अंग्रेजी

**10.** दक्षिणी भारत में बोली जाने वाली हिन्दी क्या कहलाती है :

(A) दक्खिनी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी

(C) उत्तरी हिन्दी (D) पूर्वी हिन्दी

**11.** पदों के सार्थक योग से किसकी रचना होती है :

(A) वाक्य (B) शब्द (C) वर्ण (D) पद

**12.** वाक्य में बात समझाने के लिए क्या होना आवश्यक है :

(A) योग्यता (B) आकांक्षा (C) आसत्ति (D) सभी

**13.** उद्देश्य और विधेय किसके अंग हैं :

(A) शब्द (B) वाक्य (C) वर्ण (D) पद

**14.** जिसके बारे में बात कही जाए, उसे क्या कहते हैं :

(A) कर्त्ता (B) कर्म (C) उद्देश्य (D) क्रिया

**15.** प्रायः उद्देश्य वाक्य में कहाँ होता है :

(A) प्रारंभ (B) मध्य (C) अंत (D) प्रारंभ और अंत

**16.** पदक्रम का विशेष महत्व किसमें होता है :

(A) वर्ण (B) शब्द (C) वाक्य (D) पद

**17.** 'मोहन जाता है', वाक्य में 'जाता है' क्या है :

(A) कर्ता (B) कर्म (C) क्रिया (D) विशेषण

**18.** 'अरे, यह क्या !' वाक्य में 'अरे' क्या है :

(A) समुच्चय बोधक (B) विस्मयादि बोधक

(C) क्रिया विशेषण (D) संबंधवाचक

**19.** कर्ता, क्रिया और कर्म में लिंग, वचन और पुरुष का परस्पर सम्बन्ध क्या कहलाता है :

(A) संगति (B) असंगति (C) सार्थकता (D) अन्विति

**20.** 'कम बोलता है बहुत रमेश।' वाक्य में पदक्रम ठीक करने पर कौन-सा वाक्य शुद्ध होगा :

(A) रमेश बहुत कम बोलता है (B) बहुत कम बोलता है रमेश

(C) बोलता है कम बहुत रमेश (D) रमेश कम बहुत है बोलता

**21.** किस आधार पर वाक्यों के तीन प्रकार माने गये हैं :

(A) अर्थ (B) उत्पत्ति (C) रचना (D) व्युत्पत्ति

**22.** 'वह चला गया परन्तु रास्ते से लौट आया।' इस वाक्य में दो सरल वाक्यों को किस शब्द से संयुक्त किया गया है :

(A) परन्तु (B) गया (C) रास्ते (D) से

**23.** 'अर्थ' के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं :

(A) आठ (B) नौ (C) दस (D) ग्यारह

**24.** 'आपको क्या डर है ?' वाक्य अर्थ के आधार पर किस भेद का वाचक है :

(A) विधानवाचक (B) निषेधवाचक

(C) आज्ञावाचक (D) प्रश्नवाचक

**25.** एक स्वतंत्र उपवाक्य को क्या कहा जाता है :

(A) मिश्र वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य (D) विधानवाचक वाक्य

**26.** जो उपवाक्य मुख्य उपवाक्य में संज्ञापद अथवा सर्वनाम पद की विशेषता बताता है, उसे किस प्रकार का उपवाक्य कहते हैं :

(A) संज्ञा उपवाक्य (B) सर्वनाम उपवाक्य

(C) विशेषण उपवाक्य (D) क्रिया विशेषण उपवाक्य

**27.** वाक्याँश को भी हम क्या कह सकते हैं :

(A) पदबंध (B) पदक्रम (C) पदसमूह (D) वाक्यबंध

**28.** 'उस घर के कोने में बैठा हुआ आदमी अंधा है।' रेखांकित में क्या पदबंध है :

(A) क्रिया पदबंध (B) क्रिया विशेषण पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) संज्ञा पदबंध

**29.** 'बादलों को बरसने दो।' यह वाक्य किस वाच्य के अन्तर्गत आता है :

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य (C) भाववाच्य (D) उभयवाच्य

**30.** एक प्रकार की वाक्य संरचना को दूसरी संरचना में बदलना क्या कहलाता है :

(A) स्थानांतरण (B) हस्तांतरण

(C) रूपांतरण (D) संरचनांतरण

**31.** 'अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक' कौन-सा त्योहार है :

(A) विजयदशमी (B) रामनवमी

(C) जन्माष्टमी (D) रक्षाबन्धन

**32.** 'दशहरा' पर्व पर किसकी लीला का आयोजन किया जाता है :

(A) श्रीराम (B) श्रीकृष्ण (C) श्रीगणेश (D) श्रीहरि

**33.** 'होली' का संदेश क्या है :

(A) वैर (B) जुआ खेलना

(C) मेल-मिलाप (D) शराब पीना

**34.** होलिका किसकी बहन थी :

(A) रावण (B) जरासंध

(C) हिरण्यकश्यप (D) दुशासन

**35.** पन्द्रह अगस्त को कौन-सा राष्ट्रीय पर्व मनाया जाता है :

(A) गणतन्त्र दिवस (B) स्वतन्त्रता दिवस

(C) शहीदी दिवस (D) बाल दिवस

**36.** स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा झंडा कहाँ फहराया जाता है :

(A) राष्ट्रपति भवन (B) इण्डिया गेट

(C) लाल किला (D) प्रधानमंत्री निवास

**37.** जनसंख्या की दृष्टि से हमारे देश का संसार में कौन-सा स्थान है :

(A) पहला (B) दूसरा (C) तीसरा (D) चौथा

**38.** जनसंख्या वृद्धि रोकना क्या है :

(A) देशद्रोह (B) देशभक्ति

(C) विकास में रुकावट (D) गरीबी को निमंत्रण

**39.** जो कुछ भी हमारे चारों ओर विद्यमान है, हमें ढके-लपेटे हुए है, उसे क्या कहते हैं :

(A) पर्यावरण (B) गन्दगी

(C) ध्वनि (D) दूषित वायु

**40.** जल का दूसरा नाम क्या है :

(A) मृत्यु (B) जीवन (C) पानी (D) जलना

**41.** स्वास्थ्य अधिकारी को किस प्रकार का शिकायती-पत्र लिखा जा सकता है :

(A) समाचार-पत्र सम्बन्धी (B) टेलीफोन सम्बन्धी

(C) सफाई सम्बन्धी (D) डाक सम्बन्धी

**42.** डाकिए की शिकायत किससे करेंगे :

(A) डाकिए से (B) स्वास्थ्य अधिकारी से

(C) डाकघर कर्मचारी से (D) डाकपाल से

**43.** किसी सरकारी विभाग द्वारा किसी व्यक्ति को भेजा गया पत्र क्या कहलाता है :

(A) सरकारी (B) गैर-सरकारी

(C) घरेलू (D) शिकायती

**44.** सरकारी पत्र में कौन-सा सम्बोधन शब्द लिखा जाता है :

(A) पूजनीय (B) पूज्य (C) प्रिय (D) महोदय

**45.** सरकारी पत्र कौन लिख सकता है :

(A) पिता (B) माता

(C) गैर-सरकारी संस्था (D) सरकारी विभाग

**46.** 'चिर महान' को पाने की प्रार्थना किस कविता में की गई है :

(A) जग जीवन में जो चिर महान (B) जागरण गीत

(C) गिरिधर की कुंडलियाँ (D) राम वनगमन

**47.** कवि सुमित्रानन्दन पंत 'नवजीवन का विहान' कहाँ लाना चाहते हैं :

(A) घर में (B) विश्व में (C) भारत में (D) कहीं नहीं

**48.** 'जग जीवन में जो चिर महान' कविता के कवि कौन हैं :

(A) सोहन लाल द्विवेदी (B) सुमित्रानन्दन पंत

(C) गिरिधर (D) तुलसीदास

**49.** 'जागरण गीत' में कवि किसको जगा रहा है :

(A) असावधान और बेख़बर पड़े लोगों को (B) सावधान लोगों को

(C) जागे हुए लोगों को (D) खोए हुए लोगों को

**50.** 'सोहनलाल द्विवेदी' बूँद से क्या बन जाने की प्रेरणा देते हैं :

(A) नदी (B) नाला (C) सागर (D) सरोवर

**51.** 'जागरण गीत' में कवि क्या चाहता है :

(A) सभी प्रगति पथ पर बढ़ें (B) सभी प्रगति पथ से हटें

(C) सभी प्रगति पथ पर रुकें (D) सभी प्रगति पथ पर डरें

**52.** 'जागरण गीत' में कवि लोगों को किस प्रकार जगाने आ रहा है :

(A) खाना खाकर (B) गीत लिखकर

(C) गीत गाकर (D) गीत सुनकर

**53.** गिरिधर कवि के अनुसार, भविष्य को सँवारने का प्रयत्न कैसे होगा :

(A) बीती बातों में उलझकर (B) बीती बातों में न उलझकर

(C) भविष्य बिगाड़कर (D) भविष्य दांव पर लगाकर

**54.** कार्य सिद्ध होने तक किसी के सामने क्या प्रकट नहीं करना चाहिए :

(A) चुगली (B) मन की बात

(C) निंदा (D) दूसरों की बात

**55.** किसके बिना व्यक्ति सुशोभित नहीं होता :

(A) गुण (B) धर्म (C) जाति (D) धन

**56.** मनुष्य को कब पछताना पड़ सकता है :

(A) प्रत्येक कार्य को सोचने-समझने से

(B) कार्य करने से

(C) बिना सोचे-समझे कार्य करने के बाद

(D) कार्य करने से पहले

**57.** 'राम वनगमन' की पंक्तियाँ तुलसीदास जी की किस रचना से ली गई हैं :

(A) दोहावली (B) कवितावली (C) रचनावली (D) प्रश्नावली

**58.** वन जाते समय श्रीराम और लक्ष्मण के साथ और कौन था :

(A) भरत (B) सीता (C) रावण (D) हनुमान

**59.** वन मार्ग में सीता के माथे पर कैसी बूंदें आ जाती हैं :

(A) रक्त की (B) दूध की (C) तेल की (D) जल की

**60.** राजा दशरथ के दोनों बालकों का रूप कैसा है :

(A) कंचन (B) साँवला (C) मनोहर (D) दामिनी

**61.** कुलू में साल भर का व्यापार प्रायः कौन-से मेले में एक दिन में ही हो जाता है :

(A) दशहरे (B) जन्माष्टमी (C) होली (D) दीपावली

**62.** हिमाचल के किस स्थान का नाम मुनाल पक्षी के नाम पर पड़ा :

(A) मनाली (B) सनौली (C) शिमला (D) धर्मशाला

**63.** हाथ, पाँव, मुँह, कान, आँख आदि में सबसे ऊँचा स्थान किसे प्राप्त है :

(A) कान (B) नाक (C) आँख (D) मुँह

**64.** कुंभकर्ण की भाँति सोने पर नाक कैसी बजती है :

(A) ढोलक सी (B) तबले सी

(C) नक्कारे सी (D) सितार सी

**65.** वाजश्रवा दक्षिणा में क्या देने लगा :

(A) बैल (B) बूढ़े घोड़े

(C) दूध देने वाली गाएँ (D) बूढ़ी गाएँ

**66.** नचिकेता ने यमराज से तीसरे वर के रूप में क्या रहस्य समझना चाहा :

(A) आत्मा का रहस्य (B) जीवन का रहस्य

(C) मृत्यु का रहस्य (D) यमपुरी का रहस्य

**67.** डॉ चंद्रा का गरदन के नीचे का पूरा शरीर किस रोग ने निर्जीव कर दिया :

(A) पोलियो (B) ज्वर (C) पीलिया (D) अधरंग

**68.** डॉ. चंद्रा ने प्रो. सेठना के निर्देशन में कितने वर्ष शोधकार्य किया था :

(A) दो वर्ष (B) चार वर्ष (C) पाँच वर्ष (D) सात वर्ष

**69.** सुप्रसिद्ध ध्वज वंदना 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' की रचना किसने की :

(A) मैथिलीशरण गुप्त (B) सियारामशरण गुप्त

(C) श्यामलाल गुप्त पार्षद (D) केदारनाथ अग्रवाल

**70.** 'राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा' पाठ के लेखक का नाम बताओ :

(A) जगमोहन सिंह राजपूत (B) रामधारी सिंह

(C) कन्हैया लाल (D) प्रेमचंद

**71.** श्रीनारायण गुरु का जन्म किस सन् में हुआ :

(A) 1956 (B) 1865 (C) 1856 (D) 1857

**72.** श्रीनारायण गुरु ने समाधि कहाँ ली :

(A) विष्णुगिरि (B) शिवगिरि

(C) शंकरगिरि (D) रामगिरि

**73.** चिड़िया बच्चे की चोंच से अपनी चोंच मिलाकर चीं-चीं करती हुई, उसे क्या बंधाने की कोशिश करती रही :

(A) हिम्मत (B) साहस (C) धीरज (D) तिनके

**74.** चिड़िया और उसका बच्चा किसके घर में बंद थे :

(A) श्याम व्यास (B) जयदीप

(C) चिंकी (D) असरानी

**75.** प्रहार शब्द का अर्थ क्या है :

(A) चोट (B) उजाला (C) उन्नति (D) विशाल

**76.** शुद्धोदन की पत्नी का क्या नाम था :

(A) महारानी (B) पृथ्वी (C) माया (D) रानी

**77.** माता के स्वर्गवासी होने पर सिद्धार्थ का लालन-पालन किसने किया :

(A) चाची ने (B) मौसी गौतमी ने (C) बुआ ने (D) पिता ने

**78.** पद्म खण्ड में सिद्धार्थ का स्वागत किसने किया :

(A) नवयुवतियों ने (B) राजकुमारियों ने

(C) नवयुवकों ने (D) राजकुमारों ने

**79.** सिद्धार्थ ने कपिलवस्तु में कब तक प्रवेश न करने की घोषणा की :

(A) जब तक जन्म-मृत्यु के पार न देख लें

(B) जब तक मर न जाएं

(C) जब तक पुनः जन्म न ले लें

(D) जब तक राज्य न मिल जाए

**80.** शिकारी ने अपने काशाय वस्त्र किसको दिये :

(A) छंदक को (B) सिद्धार्थ को

(C) कंथक को (D) ऋषि को

**81.** राजा की आज्ञा प्राप्त कर राजकुमार की खोज में कौन निकल पड़े :

(A) राजपुरोहित और मंत्रीगण (B) राजपुरोहित

(C) मंत्रीगण (D) राजकुमार

**82.** सिद्धार्थ ने तत्वज्ञान किससे प्राप्त किया :

(A) महर्षि असित से (B) भार्गव ऋषि से

(C) अराड़ मुनि से (D) ऋषि विश्वामित्र से

**83.** कामदेव, चित्रायुद्ध और पुष्पशर किसे कहा जाता है :

(A) मार को (B) यमराज को

(C) इंद्र को (D) देवताओं को

**84.** संसार के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाने के लिए महात्मा बुद्ध ने कहाँ जाने की इच्छा की :

(A) प्रयाग (B) हरिद्वार (C) गया (D) काशी

**85.** महात्मा बुद्ध के करुणायुक्त बचनों को प्रथम बार सुन और दिव्य ज्ञान प्राप्त करने वाले पाँच भिक्षुओं में से एक का नाम बताओ :

(A) कोनडेय (B) कौंडिन्य (C) कौन्तेय (D) आनंद

**86.** 'गय' और 'नदी' किसके भाई थे :

(A) काश्यप मुनि के (B) अराड़ मुनि के

(C) भगवान बुद्ध के (D) भार्गव ऋषि के

**87.** सुदत्त किस नगर का निवासी था :

(A) श्रावस्ती (B) श्रीवस्ती (C) कौसल (D) अयोध्या

**88.** वैशाली में भगवान बुद्ध ने किस सरोवर के तट पर निवास किया :

(A) कर्कट (B) मर्कट (C) तर्कट (D) घर्कट

**89.** तथागत ने अपने किस भक्त के घर अंतिम भोजन किया :

(A) चुंद (B) कौंडिन्य (C) आनन्द (D) यश

**90.** तथागत के अनुसार उनका अंतिम शिष्य कौन था :

(A) वीरभद्र (B) भूभद्र (C) बलभद्र (D) सुभद्र